## आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024

लोकसभा ने 12 दिसंबर को आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित कर दिया।

**प्रमुख बिंदु-**

- विधेयक ध्वनिमत से पारित किया गया।
- इस विधेयक का उद्देश्य मौजूदा **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** में संशोधन करना है।
- यह विधेयक इसी वर्ष के **अगस्त माह** में लोकसभा में पेश किया गया था।
- इस विधेयक में **राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आपदा डेटाबेस बनाने**, राज्य की राजधानी और नगर निगम वाले बड़े शहरों के लिए शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन और राज्य सरकारों द्वारा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल का गठन करने का प्रस्ताव है।
- **उद्देश्य:** गृह राज्य मंत्री के अनुसार विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर विभिन्न संस्थानों की भूमिका में स्पष्टता और एकरूपता लाना है।

## खेलो इंडिया शीतकालीन खेल, 2025

खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के **5वें संस्करण** की तारीखों की घोषणा की गयी है।

**प्रमुख बिंदु-**

- केन्द्र-शासित प्रदेश लद्दाख **23 जनवरी से लेकर 27 जनवरी, 2025** के दौरान आइस स्पोर्ट्स से जुड़ी स्पर्धाओं की मेजबानी करेगा।
- केन्द्र-शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर **22 फरवरी से लेकर 25 फरवरी, 2025** के दौरान स्नो स्पोर्ट्स से जुड़ी स्पर्धाओं का आयोजन करेगा।
- यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब केन्द्र-शासित प्रदेश लद्दाख खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के एक हिस्से की मेजबानी करेगा।

**खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के बारे में-**

- खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों की शुरुआत **2020** में हुई थी।
  - इसके उद्घाटन संस्करण में 306 महिलाओं सहित लगभग 1000 एथलीटों ने भाग लिया था।

## 22वां दिव्य कला मेला

22वें दिव्य कला मेले का आयोजन **इंडिया गेट, नई दिल्ली** में किया जा रहा है।

**प्रमुख बिंदु -**

- **आयोजक:** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम (एनडीएफडीसी)
- **तिथि:** 12 दिसंबर से 22 दिसंबर, 2024 तक।
- यह अनूठा **कार्यक्रम 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग उद्यमियों/ कारीगरों** की भागीदारी के साथ, यह कार्यक्रम क्षमता, दृढ़ संकल्प और कौशल का एक प्रेरक उत्सव है।
- दिव्य कला मेला **दिव्यांग व्यक्तियों (PwD) के आर्थिक सशक्तिकरण** की दिशा में एक आंदोलन है।
- यह दिव्यांगजनों के कौशल, शिल्प कौशल और उद्यमशीलता की भावना को प्रदर्शित करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है, जिससे उन्हें दृश्यता, बाज़ार तक पहुँच और नए अवसर प्राप्त करने में मदद मिलती है।
- दिव्य कला मेला की शुरुआत **2022** में हुई थी।

## आरबीआई ने अतिरिक्त कृषि ऋण की सीमा में वृद्धि की

कृषि क्षेत्र को समर्थन देने और बढ़ती इनपुट लागतों को संबोधित करने के लिए आरबीआई ने संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण सहित संपार्श्विक-मुक्त कृषि ऋणों की सीमा में वृद्धि की घोषणा की है।

**प्रमुख बिंदु-**

- इसके तहत प्रति उधारकर्ता **1.6 लाख रुपये की वर्तमान ऋण सीमा को बढ़ाकर 2 लाख रुपये** कर दिया गया है।

- **उद्देश्य:** यह निर्णय किसानों पर मुद्रास्फीति और कृषि इनपुट की बढ़ती लागत के प्रभाव को स्वीकार करता है। इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय पहुँच प्रदान करना है ।
- यह नीति 1 जनवरी, 2025 से प्रभावी होगी।
- यह कदम विशेष रूप से **छोटे और सीमांत किसानों (क्षेत्र के 86% से अधिक)** के लिए ऋण सुलभता को बढ़ाता है।
- यह नीति संशोधित ब्याज अनुदान योजना के साथ, 4% की प्रभावी ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक के ऋण की पेशकश करती है।

## इंडियन लाइट टैंक

इंडियन लाइट टैंक ने उच्च ऊंचाई पर कई राउंड सटीक गोलाबारी कर बड़ी उपलब्धि हासिल की।

**प्रमुख बिंदु -**

- इंडियन लाइट टैंक (आईएलटी) ने **4200 मीटर से अधिक की ऊंचाई** पर, लगातार सटीक परिणामों के साथ, उच्च ऊंचाई वाले पहाड़ी स्थलों पर विभिन्न रेंजों पर कई राउंड की गोलाबारी करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।
- **सितंबर 2024** में रेगिस्तानी वातावरण में किए गए **चरण । के परीक्षण के बाद** यह अगला परीक्षण है।
- **निर्माण:** इसे डीआरडीओ की चेन्नई स्थित प्रयोगशाला, कॉम्बैट व्हीकल्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया है।
  - जबकि इसका निर्माण **इंडस्ट्री पार्टनर लार्सन एंड टुब्रो प्रिसिजन इंजीनियरिंग एंड सिस्टम्स** द्वारा किया गया है।
- आईएलटी को 25 टन वर्ग के बख्तरबंद लड़ाकू वाहन के रूप में डिजाइन किया जा रहा है, ताकि उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

## चर्चित व्यक्तित्व - नियुक्ति

| | | |
|---|---|---|
| **वी. मोहन** | उन्हें **इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन का मानद फेलो** चुना गया है।<br>वह वर्तमान में डायबिटीज स्पेशलिटीज सेंटर और मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन है।<br>यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया गया जिन्होंने **मधुमेह देखभाल, शोध और वकालत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान** दिया है।<br>वह विश्व भर के **17 व्यक्तियों** में से एक,और भारत से दूसरे (मधुमेह रोग विशेषज्ञ ए रामचंद्रन के साथ) यह सम्मान प्राप्त करने वाले हैं। |  |

## चर्चित व्यक्तित्व - खेल

| | | |
|---|---|---|
| **शाहीन अफरीदी** | पाकिस्तान के तेज **गेंदबाज शाहीन अफरीदी** ने डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में अपने चार ओवर के स्पेल में तीन विकेट लेकर **100 टी20 विकेट** हासिल किए।<br>वह शादाब खान और हारिस रऊफ के बाद 100 विकेट लेने वाले तीसरे पाकिस्तानी गेंदबाज बन गए। |  |

## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

| | | |
|---|---|---|
| **14 दिसंबर** | **राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस, 2024**<br><br> | ❖ भारत में **14 दिसंबर** को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है ।<br>❖ यह उत्सव व्यक्तियों, उद्योगों और संस्थानों के लिए ऊर्जा दक्षता को अपनाने के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है, जो एक हरित, अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।<br>❖ **1991** में प्रारंभ किया गया यह दिवस ऊर्जा दक्षता और संरक्षण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में **ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा मनाया जाता** है।<br>❖ राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उद्देश्य<br>➢ जागरूकता बढ़ाना<br>➢ दक्षता को बढ़ावा देना<br>➢ अपव्यय को कम करना<br>➢ जिम्मेदारी को बढ़ावा देना<br>**राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार:**<br>❖ राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की एक पहल है।<br>❖ यह पुरस्कार 1991 में शुरू किए गए थे।<br>❖ वर्ष 2024 के एनईसीए 14 दिसंबर, 2024 को **ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह** के दौरान प्रदान किए गए। |

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

| | |
|---|---|
| **मणिपुर** | ❖ मणिपुर ने 12 दिसंबर को **नुपी लाल नुमित** की स्मृति में उन महिला स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने **1904 और 1939** में ब्रिटिश कार्रवाइयों के खिलाफ 'नुपी लाल' (महिला युद्ध) में भाग लिया था।<br>❖ इस दिन **1939** में, सैकड़ों मणिपुरी महिलाओं ने इंफाल की सड़कों पर उतरकर ब्रिटिश शासकों द्वारा चावल के अंधाधुंध निर्यात को पूरी तरह से रोकने की मांग की थी। |

### विविध

- रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए **12 सुखोई जेट खरीदने** के लिए सरकारी एयरोस्पेस प्रमुख हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ **13,500 करोड़ रुपये** का सौदा किया है। रूसी मूल के इस विमान में **62.6 प्रतिशत घरेलू सामग्री** होगी।
  - Su-30MKI रूसी विमान निर्माता सुखोई द्वारा विकसित एक दो-**सीटर बहु-भूमिका लंबी दूरी का लड़ाकू जेट** है।
- भारतीय नौसेना द्वारा 2025 की शुरुआत में **कलवरी श्रेणी या स्कॉर्पीन श्रेणी की आखिरी पनडुब्बी और नीलगिरि श्रेणी का पहला फ्रिगेट** जनवरी में शामिल किए जाने की संभावना है।

- नागरिक उड्डयन मंत्री के अनुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा प्रबंधित हवाईअड्डों पर यात्रियों को किफायती जलपान विकल्प उपलब्ध कराने के लिए 'उड़ान यात्री कैफे' खोले जाएंगे।
  - पहला 'उड़ान यात्री कैफे" पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर **कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे** पर खोला जाएगा।
- प्रसिद्ध परोपकारी, लेखक **डॉ. दिनेश शाहरा** ने धर्मशाला में प्रतिष्ठित तिब्बती कार्य और अभिलेखागार पुस्तकालय (LTWA) में अपनी बहुप्रतीक्षित पुस्तक, **दलाई लामा सीक्रेट टू हैपीनेस** का विमोचन किया।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी **14 और 15 दिसंबर** 2024 को दिल्ली में **मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन** की अध्यक्षता करेंगे। यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा।

❍❍❍❍

BPSC WALLAH